20.12.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक में श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने, कृषि उत्पादकता में सुधार और स्थानीय स्तर पर आयोजना बनाने के प्रावधान की प्रशंसा की।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों को दक्ष नागरिक बनाने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।
- प्रदेश में इस साल के शुरूआती 6 माह में 15 करोड़ से ज्यादा पर्यटकों की आवक।
- आगामी टी–20 क्रिक्रेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा–सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान और अक्षर पटेल उपकप्तान होंगे।
- प्रदेश को दिसम्बर में तीसरे सप्ताह के निकलने के बाद भी कड़ाके की ठण्ड का इन्तजार–ज्यादातर जगह तापमान सामान्य से 3 से 6 डिग्री ऊपर।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विकसित भारत जी राम जी विधेयक पर लिखे लेख को साझा किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका में बदलाव लाना है। श्री चौहान ने विधेयक में श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने, कृषि उत्पादकता में सुधार, स्थानीय स्तर पर आयोजना बनाने, कल्याणकारी योजनाओं को समेकित करने और अग्रिम क्षमता को बढ़ाने की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक समाज कल्याण को विकसित और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की परिकल्पना के अनुरूप नवीनीकृत कर रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक और नैतिक विकास के साथ उन्हें दक्ष नागरिक बनाएगी। वे आज बासवाड़ा में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का आधार है। इसलिए विकसित राजस्थान की जिम्मेदारी शिक्षकों की है।

.........................

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। इनमें 71 नए कॉलेजों की स्थापना, 8 हजार स्मार्ट क्लासरूम और किसानों के बच्चों की कॉलेज फीस माफी शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि 41 लाख से अधिक विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और बैग के लिए सहायता राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने अब तक 92 हजार युवाओं को नियुक्तियां दी हैं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ को 322 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने मांडलगढ़ के 'पीएम श्री' राजकीय विद्यालय में आयोजित जनसेवा शिविर के फॉलोअप कैंप का अवलोकन किया और विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, चिकित्सा और पेयजल के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है।

.........................

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि किसानों के हित में गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। श्री शर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है और अब तक दो लाख 57 हजार पट्टे वितरित कर आमजन को दी गई है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज जयपुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 26वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सैनिक कभी पूर्व नहीं होता और सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाता रहता है। राज्यपाल ने समाज से उनके परिजनों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार पर जोर दिया।

000

प्रदेश में इस साल अगस्त माह तक 15 करोड़ से अधिक देशी और करीब 12 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पर्यटकों की संख्या के मामले में राजस्थान अब देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। पर्यटकों को प्रदेश में आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इसी के तहत पर्यटन विकास और ब्रांडिंग के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार महाराणा प्रताप और ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट जैसे प्रोजेक्ट्स पर 100–100 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। साथ ही, शेखावाटी की 662 हवेलियों के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के कार्य भी किए जा रहे हैं।

000

जयपुर में आज 'वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट शुरू हुआ। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने उसका उद्घाटन करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुद्ध जल की उपलब्धता अनिवार्य है, जिसके लिए सरकार पूर्वी राजस्थान की महत्वपूर्ण नहर परियोजना पर तेजी से काम कर रही है। श्री रावत ने योग और मानसिक शांति के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को डिजिटल विकारों से दूर रहकर संतुलित जीवन जीने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन जीवन रक्षा के लिए स्वयं सीपीआर का प्रशिक्षण लिया और आमजन से भी इसे सीखने का आह्वान किया। फेस्ट में देश–विदेश के विशेषज्ञ स्वास्थ्य और जीवनशैली पर मार्गदर्शन दे रहे हैं।

000

प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह के तहत ग्रामीण और शहरी इलाको में विभिन्न शिविर लगाए जा रहे है। जयपुर में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने जेडीए में समस्या समाधान शिविर का निरीक्षण किया। पाली जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने बताया कि 'प्रशासन गांवों की ओर' अभियान के माध्यम से जनता की समस्याओं का मौके पर ही पारदर्शी और त्वरित समाधान कर उन्हें राहत दी जा रही है।

....................

इसी कडी में फालौदी में जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने ग्राम पंचायत कानासर में आयोजित समस्या समाधान शिविर का निरीक्षण किया।

000

आगामी टी–20 क्रिक्रेट विश्वकप और न्यूज़ीलैंड टी–20 क्रिक्रेट श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान और अक्षर पटेल उपकप्तान होंगे। रिंकू सिंह और ईशान किशन की टीम में वापसी हुई है। शुभमन गिल और जितेश शर्मा को टीम में जगह नहीं मिली है। न्यूज़ीलैंड के साथ टी–20 श्रृंखला 21 जनवरी से, जबकि टी–20 क्रिक्रेट विश्वकप का आयोजन 7 फरवरी से होगा।

000

दिसम्बर माह के बीस दिन बीत जाने के बाद भी प्रदेश में अभी तक कड़ाके की ठंड नहीं पड़ रही है। ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। बीती रात डूंगरपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, अलवर में रात का पारा छह डिग्री, करौली में 6 दशमलव 2 डिग्री और दौसा में 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। ज्यादातर स्थानों पर दिन का पारा 25 से 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा रहा है, जिसके कारण लोग अधिक समय तक धूप में खड़े नहीं रह सकते।
हांलाकि भरतपुर और डीग में सुबह के समय सर्दी और कोहरे का असर बना हुआ है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि लोग ठण्ड से बचने के लिए अलाव का सहारा सहारा ले रहे है।

....................

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी दो दिनों में न्यूनतम तापमान के 3 डिग्री तक बढोतरी की संभावना है। 24 दिसम्बर के बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के आसार हैं। 23 और 24 दिसम्बर को प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी भागों में घरा कोहरा दर्ज होने की संभावना है।

000

नागर विमानन मंत्रालय ने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति को देखते हुए सभी विमानन कंपनियों को यात्री सुविधा संबंधी मानदंडों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि विमानन कंपनियों को समय पर और सटीक उड़ान जानकारी सुनिश्चित करने, लंबी देरी के दौरान भोजन और जलपान की व्यवस्था कराने और उड़ान रद्द होने की स्थिति में दुबारा बुकिंग या धनवापसी की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

000

राज्य सरकार के दो साल का कार्य काल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रीगंगानगर जिले के छह विधानसभा में एलईडी वैन और विकास रथों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं, बारां में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दौरान कृषि उपज मंडी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला पुलिस अधीक्षक और परिवहन अधिकारी ने ट्रैक्टर–ट्रॉली चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और वाहनों पर सेफ्टी रिफ्लेक्टर लगाए। जालौर के 27 गांवों में विकास रथ के माध्यम से योजनाओं का प्रचास प्रसार किया गया।

000